दिनांक–12.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- आज राज्य स्तरीय हर घर तिरंगा यात्रा का भोपाल में आयोजन, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री निवास पर आज देवी अहिल्या बाई होल्कर महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन।
- प्रधानमंत्री 25 अगस्त को करेंगे मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा।
- सावन माह के चौथे सोमवार के अवसर पर उज्जैन, ओंकारेश्वर सहित प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा अर्चना जारी।

हर घर तिरंगा

हर घर तिरंगा अभियान में आज खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान से इसकी शुरूआत करेंगे। तिरंगा यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलम्पियन विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहभागिता करेंगें। यात्रा में लगभग 5000 खिलाड़ी और स्कूली बच्चे प्रतिभागिता करेंगें। कार्यक्रम में पुलिस बैंड, साइकिल ग्रुप और स्केटर्स भी शामिल होंगें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा।

इस बीच हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। कल जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुल्लाखेड़ी से एक रैली का शुभांरभ किया। उन्होंने इस अभियान से हर नागरिक को जुड़ने का आव्हान किया। तिरंगा झण्डा के सम्मान में उमरिया जिले में हर घर तिरंगा अभियान जारी है, हर गांव, कस्बा तथा नगर में रैलियों के माध्यम से झण्डे के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय उमरिया में पुलिस बैण्ड की धुन के साथ हर घर तिरंगा एवं आजादी के रंग खाकी वर्दी के संग रैली निकाली गई। रायसेन में अभियान को लेकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नगर पालिका की ओर से जिला पुलिस लाइन से शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज तक साइकिल रैली निकाली गई।

जन प्रतिनिधि सम्मेलन

प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में देवी अहिल्या बाई होल्कर महिला जन–प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला जन–प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। सम्मेलन के माध्यम से समाज में महिला सम्मान और उनके योगदान को सराहने का संदेश दिया जायेगा। सम्मेलन में महिला उत्थान से संबंधित विषयों पर चर्चा भी की जायेगी। सम्मेलन में महिला महापौर, निकाय अध्यक्ष, सभापति एवं महिला पार्षदों की सहभागिता रहेगी। रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सम्मेलन में विविध कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम स्थल पर "भाई के नाम बहन की पाती" संबंधी हस्ताक्षर काउंटर की व्यवस्था की गई है। इस दौरान अतिथियों को महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित प्रतीक चिन्ह और उपहार दिये जायेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम–स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्व–सहायता समूह के उत्पादों का प्रदर्शन और योजना की जानकारी दी जायेगी।

अच्छी खबर–ग्वालियर

ग्वालियर– चंबल पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जा रहे है। वहीं पहली बार पर्यटन सखियों द्वारा

हेरिटेज वॉक आयोजित की गई जो महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्वालियर फोर्ट, मानसिंह महल, सास बहू का मंदिर, तेली का मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता को रेखांकित किया गया, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त टूर गाइड्स और पर्यटन सखियों को आत्मरक्षा और कौशल विकास का अवसर भी प्रदान किया गया। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, रागिनी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस हेरिटेज वॉक ने प्रतिभागियों को शहर के गौरवशाली अतीत से रूबरू कराया। रागिनी फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर सनाउल्ला ने हमें बताया।

हाल ही में जेसी मिल्स कॉलेज की छात्राओं ने परियोजना के माध्यम से आत्म रक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटन सखियों नैंसी प्रजापति और रुचि कुशवाहा के साथ मिलकर हेरिटेज का भ्रमण किया। नैंसी प्रजापति और रुचि कुशवाहा द्वारा ग्वालियर फोर्ट, सास बहू का मंदिर, और तेली के मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी देते हुए हेरिटेज वॉक का संचालन करना एक सराहनीय प्रयास है। इन पर्यटन सखियों ने न केवल प्रतिभागियों को इन महत्वपूर्ण स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया, बल्कि अपनी मार्गदर्शन क्षमता को भी साबित किया।

निश्चित ही पर्यटन सखियों की इस पहल से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी पर्यटन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित होंगी।

<u>पीएम–मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कडी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर आमंत्रित हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

<u>नशा मुक्ति अभियान</u>

सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथि में "विकसित भारत का मंत्र–भारत हो नशे से स्वतंत्र" अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में सामाजिक न्याय निःशक्तजन सशक्तिकरण संचालनालय में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 'नशा एक सामाजिक बुराई' विषय पर राज्य स्तरीय फोटो प्रदर्शनी, शपथ ग्रहण समारोह तथा पौध–रोपण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता रैली, दौड़ प्रतियोगिताएं, संस्थानों में "विकसित भारत का मंत्र–भारत हो नशे से स्वत्रंत" और "नशा एक सामाजिक बुराई" विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री –मंडला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल मंडला प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले को अनेक सौगातें देते हुए ग्वारा में हवाई पट्टी विकसित करने के लिए 6 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंडला से भी शीघ्र ही पीएमश्री वायुसेवा प्रारंभ की जाएगी।

साथ ही बम्हनी के महाविद्यालय में पीजी कोर्सेस प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बम्हनी को उप तहसील से तहसील का दर्जा देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बम्हनी में रक्षाबंधन सह श्रावण उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। इस अभियान में सभी नागरिक अपने–अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्वारा में "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री श्रीमती संपतिया उईके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तिरंगा रथ में सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## उद्यमी सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल महिला उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया है कि कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा यादव महिला उद्यमियों द्वारा संचालित करीब 80 से अधिक उद्योगों का और लोकार्पण और 10 से अधिक उद्योगों का भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डा यादव को बहने राखी बांधेंगी। सम्मेलन में प्रदेश की 800 से अधिक महिला उद्यमी बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम के संबंध में कल हुई बैठक में बताया गया कि महिला उद्यमियों की सफलता और स्टार्टअप पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रसारण भी कार्यक्रम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को प्रतीकात्मक रूप से ऋण वितरित करेंगे।

## सावन सोमवार

सावन माह के चौथे सोमवार के अवसर पर आज उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर और ओंकारेश्वर ममलेश्वर महादेव मंदिर सहित प्रदेश के शिव मंदिरों में सुबह से विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी है। उज्जैन में आज भगवान महाकाल की शाही सवारी निकाली जाएगी। आगरमालवा के बैजनाथ धाम मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी है।

## मानस भवन

संस्कृति विभाग अंतर्गत तुलसी शोध संस्थान द्वारा वार्षिक 'पद्मभूषण युगतुलसी पण्डित श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' की स्थापना इस वर्ष से की गई है। यह सम्मान 'धार्मिक–सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने, भारतीय ज्ञान परम्परा के पौराणिक आख्यानों के प्रवाचकों अथवा इन्हीं विषयों से संबंधित श्रेष्ठ लेखन/पुस्तक प्रकाशन के क्षेत्र में स्थापित किया गया है। पहला सम्मान आज मानस भवन भोपाल में सुप्रतिष्ठित वक्ता एवं धर्मसेवी दीदी मंदाकिनी जी को प्रदान किया जा रहा है। इसके तहत 2 लाख रुपये की सम्मान राशि एवं सम्मान पट्टिका भेट की जाती है।

## ओलंपिक समापन

पेरिस ओलंपिक 2024 का भव्य समारोह के साथ समापन हो गया है। पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में कुल 117 भारतीय खिलाडियों ने भाग लिया। भारत एक रजत और पांच कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारत पदक तालिका में 48वें स्थान पर था और उसे एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल 7 पदक मिले थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करते हैं। हर भारतीय को उन पर गर्व है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

अमरीका चालीस स्वर्ण सहित कुल 126 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। चीन दूसरे और जापान तीसरे स्थान पर रहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा तथा अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने लगभग 75 करोड़ रूपये बाजार मूल्य की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया।
- धार जिले के मनावर में आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर में 13 हजार से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच और उपचार किया गया।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर थमा। भोपाल में पिछले 5 दिनों में केवल 5 मिलीमिटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिन बारिश की संभावना कम है।

.......................................

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**(1) प्रदेश-हर घर तिरंगा**

**हर घर तिरंगा अभियान में आज खेल और युवा कल्याण विभाग द्‌वारा राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान से इसकी शुरूआत करेंगे। तिरंगा यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में ओलम्पियन विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह सहभागिता करेंगें। यात्रा में लगभग 5000 खिलाड़ी और स्कूली बच्चे प्रतिभागिता करेंगें। कार्यक्रम में पुलिस बैंड, साइकिल ग्रुप और स्केटर्स भी शामिल होंगें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवार जनों को सम्मानित किया जाएगा।**

**इस बीच हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। कल जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले की सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुल्लाखेड़ी से एक रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अभियान से हर नागरिक को जुड़ने का आव्हान किया। तिरंगा झण्डा के सम्मान में उमरिया जिले में हर घर तिरंगा अभियान जारी है, हर गांव, कस्बा तथा नगर में रैलियों के माध्यम से झण्डे के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय उमरिया में पुलिस बैण्ड की धुन के साथ हर घर तिरंगा एवं आजादी के रंग खाकी वर्दी के संग रैली निकाली गई। रायसेन में अभियान को लेकर खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नगर पालिका की ओर से जिला पुलिस लाइन से शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज तक साइकिल रैली निकाली गई।**

**(2) प्रदेश-जन प्रतिनिधि सम्मेलन**

**प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से आज भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में देवी अहिल्या बाई होल्कर महिला जन-प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला जन-प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। सम्मेलन के माध्यम से**

समाज में महिला सम्मान और उनके योगदान को सराहने का संदेश दिया जायेगा। सम्मेलन में महिला उत्थान से संबंधित विषयों पर चर्चा भी की जायेगी। सम्मेलन में महिला महापौर, निकाय अध्यक्ष, सभापति एवं महिला पार्षदों की सहभागिता रहेगी। रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए सम्मेलन में विविध कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम स्थल पर "भाई के नाम बहन की पाती" संबंधी हस्ताक्षर काउंटर की व्यवस्था की गई है। इस दौरान अतिथियों को महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित प्रतीक चिन्ह और उपहार दिये जायेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम-स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्व-सहायता समूह के उत्पादों का प्रदर्शन और योजना की जानकारी दी जायेगी।

(3) ग्वालियर-अच्छी खबर

ग्वालियर- चंबल पर्यटन क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण दिए जा रहे है। वहीं पहली बार पर्यटन सखियों द्वारा हेरिटेज वॉक आयोजित की गई जो महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पैकेज- 1 मिनट 48 सेकंड, संवाददाता, ग्वालियर

इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल ग्वालियर फोर्ट, मानसिंह महल, सास बहू का मंदिर, तेली का मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता को रेखांकित किया गया, बल्कि प्रशिक्षण प्राप्त टूर गाइड्स और पर्यटन सखियों को आत्मरक्षा और कौशल विकास का अवसर भी प्रदान किया गया। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, रागिनी फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस हेरिटेज वॉक ने प्रतिभागियों को शहर के गौरवशाली अतीत से रूबरू कराया। रागिनी फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर सनाउल्ला ने हमें बताया।

- हाल ही में जेसी मिल्स कॉलेज की छात्राओं ने परियोजना के माध्यम से आत्म रक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त पर्यटन सखियों नैंसी प्रजापति और रुचि कुशवाहा के साथ मिलकर हेरिटेज का भ्रमण किया। नैंसी प्रजापति और रुचि कुशवाहा द्वारा ग्वालियर फोर्ट, सास बहू का मंदिर, और तेली के मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी देते हुए हेरिटेज वॉक का संचालन करना एक सराहनीय प्रयास है। इन पर्यटन सखियों ने न केवल प्रतिभागियों को इन महत्वपूर्ण स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया, बल्कि अपनी मार्गदर्शन क्षमता को भी साबित किया।

बाइट - 1- पर्यटन सखि नैंसी प्रजापति। 2-रुचि कुशवाहा 3- साउंड बाइट - प्रतिभागी।

- निश्चित ही पर्यटन सखियों की इस पहल से अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी पर्यटन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित होंगी।

(4) मंडला-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल मंडला प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले को अनेक सौगातें देते हुए ग्वारा में हवाई पट्टी विकसित करने के लिए 6 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंडला से भी शीघ्र ही पीएमश्री वायुसेवा प्रारंभ की जाएगी। साथ ही बम्हनी के महाविद्यालय में पीजी कोर्सेस प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बम्हनी को उप तहसील से तहसील का दर्जा देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बम्हनी में रक्षाबंधन सह श्रावण उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी हर घर तिरंगा अभियान चल रहा है। इस अभियान में सभी नागरिक अपने-अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्वारा में “हर घर तिरंगा अभियान” के तहत तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री श्रीमती संपतिया उईके और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तिरंगा रथ में सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

(5) भोपाल-उद्यमी सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल महिला उद्यमी सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम में प्रदेश की महिला उद्यमियों से संवाद करेंगे। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया है कि कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा यादव महिला उद्यमियों द्वारा संचालित करीब 80 से अधिक उद्योगों का लोकार्पण और 10 से अधिक उद्योगों का भूमिपूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डा यादव को बहने राखी बांधेंगी। सम्मेलन में प्रदेश की 800 से अधिक महिला उद्यमी बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम के संबंध में कल हुई बैठक में बताया गया कि महिला उद्यमियों की सफलता और स्टार्टअप पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रसारण भी कार्यक्रम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्यमियों को प्रतीकात्मक रूप से ऋण वितरित करेंगे।

(6) प्रदेश-नशा मुक्ति अभियान

**सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथि में "विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र" अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में सामाजिक न्याय निःशक्तजन सशक्तिकरण संचालनालय में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 'नशा एक सामाजिक बुराई' विषय पर राज्य स्तरीय फोटो प्रदर्शनी, शपथ ग्रहण समारोह तथा पौध-रोपण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता रैली, दौड़ प्रतियोगिताएं, संस्थानों में "विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वत्रंत" और "नशा एक सामाजिक बुराई" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

**....................**